देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

इन्दौर, 29 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में कार्यपरिषद् सदस्य श्री अनंत पंवार, श्री विश्वास व्यास एवं डॉ. जगदीश चौहान जी को भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार द्वारा गठित विभिन्न समितियों में सदस्य बनाये जाने पर माननीय कुलपति जी द्वारा स्वागत किया गया। कार्यपरिषद् की नवागत सदस्य प्रो. प्रतिभा शर्मा जी का भी माननीय कुलपति जी ने पुष्पों द्वारा स्वागत किया।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली सी.ई.टी. में सम्मिलित पाठ्यक्रमों में सी.यू.ई.टी.–2022 के स्कोर पर प्रवेश देने के प्रस्ताव का कायपरिषद् ने अनुमोदन किया।

बैठक में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को राज्य शासन के कर्मचारियों के समान दिनांक 01/03/22 से 11 प्रतिशत की महंगाई भत्ते के भुगतान की स्वीकृति को कार्यपरिषद् ने अनुमोदित किया।

विश्वविद्यालय अध्ययनशाला/संस्थानों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की शुल्क मुक्ति के संबंध में कार्यपरिषद् ने निर्णय लिया कि छात्र–छात्राओं के माता/पिता अथवा पति की कोविड–19 से मृत्यु होने की स्थति में पूर्ण शुल्क मुक्ति की सुविधा प्रदान की जाये। वि.वि. परिसरों में वर्तमान में सुरक्षा प्रदान कर रही सिक्यूरिटी एजेंसी के कार्यकाल को आठ माह के लिए बढ़ाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की साथ ही यह निर्णय लिया गया कि अगले सत्र तक इस हेतु नया टेन्डर जारी किया जाए। कार्यपरिषद् सदस्य डॉ. जगदीश चौहान के प्रस्ताव ''विश्वविद्यालय स्तर पर मासिक सांस्कृतिक एवं बौद्धिक संगोष्ठी के आयोजन'', को कार्यपरिषद् द्वारा सहमति प्रदान की गई।

भोज मुक्त विश्वविद्यालय को तक्षशिला परिसर में संस्थान संचालित करने हेतु किराये पर भवन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद् ने मान्य किया।

महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिर्वसिटी, नागपुर तथा राजारामन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नालॉजी (आर.आर. कैट) इन्दौर एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर के मध्य स्थापित किए गए मेमोरेंडम ऑफ अन्डरस्टेंडिंग (एम.ओ.यू.) को कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की साथ ही सिकल सेल एनीमिया जाँच एवं उपचार हेतु श्री अरविंदो यूनिर्वसिटी, इन्दौर द्वारा प्राप्त एम.ओ.यू. के प्रस्ताव को भी माननीय कार्यपरिषद ने सहमति प्रदान की।

विश्वविद्यालय में कार्यरत स्थाईकर्मी कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भाँति चिकित्सा भत्ता प्रदान किये जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी